भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2334

13 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

विद्यालयों के छात्रों के लिए आयुष-आधारित निवारक स्वास्थ्य परिचर्या

2334. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आयुष के निवारक स्वास्थ्य परिचर्या सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने युवा पीढ़ी के बेहतर स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए नवोदय विद्यालयों, केन्द्रीय विद्यालयों और अन्य विद्यालयों के छात्रों को नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच, निवारक देखभाल और आयुष आधारित उपचार प्रदान करने के लिए कोई पहल की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है:

(ख) क्या कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों और अन्य आवासीय विद्यालयों में आयुष आरोग्य केन्द्रों की स्थापना करने का कोई प्रस्ताव है: और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में ऐसे किसी प्रस्ताव के कार्यान्वयन के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

<u>उत्तर</u>

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय है, इसलिए स्कूलों के छात्रों को नियमित स्वास्थ्य जांच, निवारक देखभाल और आयुष आधारित उपचार प्रदान करने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार की है। हालांकि, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के तहत, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को, उनकी राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) में प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार नवोदय विद्यालयों, केंद्रीय विद्यालयों के छात्रों सहित स्कूली बच्चों के लिए आयुष के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए एक समर्पित आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम नामत: "आयुर्विद्या" के कार्यान्वयन के लिए सहायता दी जा रही है। इस कार्यक्रम को, स्वस्थ जीवन शैली और एकीकृत आहार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्कूली बच्चों पर विशेष जोर देने और आयुष पद्धति से आहार सिद्धांतों को शामिल करते हुए बच्चों को फिटनेस और कल्याण के लिए योग की भूमिका के बारे में भी शिक्षित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

(ख): ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग): प्रश्न नहीं उठता।

*****